रॉयल बुलेटिन
एक अखबार, सारा संसार

हापुड - डेढ़ करोड़ की नकली दवाइयां सील, नामी कंपनियों के नाम से बना रहे थे दवा

Admin1 | Updated on: 28 Aug 2019 6:20 PM

हापुड़। जनपद में हरियाणा से आई विजिलेंस टीम ने स्थानीय पुलिस टीम के साथ मिलकर करीब 2 करोड़ रुपये की नकली कीटनाशक दवाइयां सील की हैं। बताया जा रहा है कि अवैध रूप से चल रही एक फैक्ट्री में फर्जी तरीके से करीब आधा दर्जन नामी कम्पनियों के नाम से दवाई बनाई और बेची जा रही थीं।

जिसकी शिकायत के आधार पर हरियाणा की विजिलेंस टीम ने हापुड़ के थाना हाफिजपुर क्षेत्र में छापेमारी कर एक फैक्ट्री से नामी कम्पनियो के नाम से बनाई जा रही करीब डेढ़ करोड़ की दवाइयां और करीब 50 लाख रुपये का अन्य मेटेरियल बरामद कर सील कर दिया है।

नकली दवाइयों को सील कर विजिलेंस की टीम थाना हाफिजपुर लेकर आ गयी। वहीं पुलिस ने करीब दो करोड़ की नकली दवाइयों के साथ एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार पकड़ा गया आरोपी कई नामी कम्पनियो के नाम से दवाइया बनाकर किसानों को सप्लाई किया करता था। जिससे किसानों की फसल को भी भारी नुकसान होता था। हरियाणा से आई विजिलेंस टीम के अधिकारी विजय पंडित ने बताया कि यहां पर कई कम्पनियों के नाम से नकली कीटनाशक दवाइयां बनाई जा रही थी। जिसमें करीब डेढ़ से दो करोड़ की दवाइयां और अन्य सामान को सील किया गया है।

Source: http://www.royalbulletin.in/category/national-news/---189971